# पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क के लिए मिले 5120 करोड़ के निवेश प्रस्ताव



## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई टेक्सटाइल पार्क की समीक्षा बैठक

लखनऊ। मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में शुक्रवार को प्रधानमंत्री मित्र मेगा टेक्सटाइल और परिधान पार्क (पीएम मित्र पार्क) योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि अब तक निवेशकों से 5120 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। 95 औद्योगिक इकाइयों ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं और 567 एकड़ भूमि की मांग दर्ज हुई है।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को परियोजना के विभिन्न चरणों को तेजी से आगे बढ़ाने और निवेशकों के लिए सुगम वातावरण तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर साबित होगी। यह परियोजना 1000 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है, जिसमें 730 एकड़ लखनऊ और 270 एकड़ हरदोई में शामिल हैं। परियोजना पूरी होने पर 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक निवेश की संभावना है और एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। पार्क के संचालन के लिए पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश लिमिटेड नामक एसपीवी गठित की गई है, जिसमें राज्य सरकार की 51 और केंद्र सरकार की 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। ब्यूरो